आकाशवाणी श्री विजयपुरम

20.11.2024 समय : 1850

- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के तहत एक राष्ट्र–एक विद्यार्थी पहचान पत्र कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।
- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सलाहकार डॉ. ओंकार शर्मा और उप–निदेशक के.सी. साहू के साथ अन्य अधिकारियों ने कल प्रशासन के श्रम विभाग का दौरा किया।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव अमित काले ने वार्ड नंबर अट्‌ठारह और बाईस में चेक डैम का निरीक्षण किया।
- श्री विजयपुरम में दो से सोलह दिसम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में डेविड बेकहम ने सीनियर इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।

<><><><><><>

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के तहत एक राष्ट्र–एक विद्यार्थी पहचान पत्र कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस सिलसिले में द्वीपसमूह में भी विद्यार्थियों के पहचान के लिए आपार जेनेरेशन का कार्य किया जा रहा है। अपार, छात्रों को अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को संचित करने और संग्रहित करने का अधिकार देता है, जिससे आगे की शिक्षा के लिए संस्थानों के बीच निर्बाध परिवर्तन की सुविधा मिलती है। अपार पहचान स्कूल स्तर से ही क्रेडिट पहचान और स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाती है, जिससे शैक्षणिक प्रगति और पूर्व शिक्षा की मान्यता सुव्यवस्थित होती है। शिक्षा विभाग ने पिछले महीने से द्वीपसमूह के सभी चार सौ आठ स्कूलों के छात्रों के लिए आपार जेनेरेशन का कार्य शुरू किया है, जिसमें इक्यानब्बे दशमलव चार छः प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे द्वीपसमूह को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए शिक्षा विभाग ने बचे हुए छात्रों के अभिभावकों से अपार जेनेरेशन को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

<><><><><><>

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सलाहकार डॉ. ओंकार शर्मा और उप–निदेशक के.सी. साहू के साथ अन्य अधिकारियों ने कल प्रशासन के श्रम विभाग का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य श्रम संहिताओं के तहत नियमों के निर्माण के संबंध में श्रम विभाग के अधिकारियों से चर्चा करना और उन्हें सहयोग प्रदान करना था। दल ने श्रम एवं रोजगार सचिव एल. कुमार से मुलाकात की। चर्चा के दौरान डॉ. ओंकार शर्मा ने कहा कि भारत सरकार ने मौजूदा उनतीस केंद्रीय श्रम कानूनों को समाहित करके चार श्रम संहिताएँ– वेतन संहिता, दो हजार उन्नीस, औद्योगिक संबंध संहिता दो हजार बीस, सामाजिक सुरक्षा संहिता दो हजार बीस और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता, दो हजार बीस अधिसूचित की हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि ये संहिताएँ एक संतुलित दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में श्रमिकों के हितों की रक्षा करते हुए उद्योगों की जरूरतों को पूरा करती हैं। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य भारत के श्रम कानूनों को सरल करना, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करना और लगातार विकसित हो रहे आर्थिक परिदृश्य में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। हितधारकों के परामर्श और राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा नियमों की अधिसूचना के बाद श्रम संहिताओं के जल्द ही लागू होने की उम्मीद है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव अमित काले ने कल वार्ड नंबर अट्ठारह और वार्ड नंबर बाईस में चेक डैम का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, नगरपालिका परिषद ने गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति करने के लिए परियोजना की शुरूआत की है। इसके तहत अट्टम पहाड़ और जोड़ा नाला पर बांध विकसित किया जा रहा है और जलशोधन संयंत्र का निर्माण भी चल रहा है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने अधिकारियों को अगले वर्ष मई तक परियोजना को पूरा करने बाड़ लगाकर क्षेत्र को सुरक्षित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ वार्ड पार्षद अधीक्षण अभियंता, प्रभारी कार्यकारी अभियंता और नगरपालिका परिषद के अन्य अधिकारी भी थे। इसके अलावा टीम द्वारा ब्रिचगंज में जोड़ा नाला परियोजना का भी निरीक्षण किया गया। नगरपालिका परिषद सचिव ने इस परियोजना को जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने से शहर के जल संसाधनों में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे कुल तेईस मिलियन लीटर उपचारित जलापूर्ति हो पाएगी। इस परियोजना के शुरू हो जाने से लोगों को गर्मी के मौसम में पानी की कमी से राहत मिलेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में दो से सोलह दिसम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद और न्यायमूर्ति उदय कुमार मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

तमिलनाडु के चेन्नई में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप का समापन हो गया। इस चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। डेविड बेकहम ने राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप में सीनियर इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। पदक विजेताओं में एसो एल्बेन, सेलेस्टिना और निकिता भी शामिल हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण, कार निकोबार के फिर से खुलने के बाद पहली बार कार निकोबार ने इस चैम्पियनशिप में भाग लिया और द्वीपसमूह के लिए पदक हासिल की। साइकिलिस्ट मेस्सी कार्टसन ने युवा लड़कों के व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में रजत पदक जीता। आई एस ब्रिडनी ने युवा लड़कियों के व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक जीता। टीम इवेंट में प्राधिकरण की क्वीनडेलिन, नमिता वायलेट और ब्रिटनी ने रजत पदक जीते। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक सत्यजीत सांकृत ने साई कार निकोबार के शानदार प्रदर्शन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

<><><><><><><>

बाराटांग के ओरलकच्छा फॉरेस्ट मैदान मे ज़िला परिषद कप फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज खेले गए पहले मैच में ओरलकच्छा–बी की टीम ने फॉरेस्ट विभाग को एक'–शून्य से हराया। कल रजतगढ़ और नया डेरा के बीच दोपहर बाद दो बजे और दूसरा मैच जूनियर बॉयस और जारवा क्रीक के बीच शाम तीन बजे खेला जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में 'महिला अधिकार' पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र का नेतृत्व न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–द्वितीय अनुपम सरकार, सरकारी वकील बबीता दास, और किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य नजमा सिद्दीक ने किया। वक्ताओं ने महिला अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और महिलाओं को सशक्त बनाने में कानूनी सेवा प्राधिकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में कल नवनियुक्त पुलिस कर्मियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्वेता के सुगथन ने कर्मियों को शपथ दिलाई। अपने संबोधान में प्रधानाचार्या ने कर्मियों को अपने कार्य स्थल में अनुशासन, अखंडता, ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रंगरूटों से अंडमान निकोबार पुलिस के मूल्यों को बनाए रखते हुए समर्पण और ईमानदारी के साथ समुदाय की सेवा करने का आग्रह किया। अंडमान निकोबार पुलिस अपने कर्मियों को कानून प्रवर्तन की उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षण और उनके कौशल विकास को प्राथमिकता देती है। कार्यक्रम में स्कूल के उप–प्रधानाचार्य एम के शुक्ला, अधिकारी और प्रशिक्षुओं के परिजन उपस्थित थे।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र की तटीय और समुद्री जैव विविधता पर कल से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे।

<><><><><><><>

वन और पर्यावरण विभाग में विभिन्न पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों की दस्तावेजों की जांच पुनः की जाएगी। फॉरेस्टर, फॉरेस्ट गार्ड, असिस्टेंट स्टोर कीपर और मल्टी टास्किंग स्टाफ के चयनित उम्मीदवारों को पच्चीस नवम्बर तथा भारी वाहन चालक, लस्कर, कुक और सफाई कर्मचारियों को छब्बीस नवम्बर सुबह दस बजे हैडो स्थित वन सदन के कमेटी रूम में अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

एम वी कालीघाट तेईस नवम्बर को लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार जाएगा। यह जलयान हैडो जेट्टी से सुबह सात बजे छूटेगी और चौबीस नवम्बर को सुबह आठ सीधे श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगी। इस यात्रा के लिए टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर या ई–टिकटिंग पोर्टल से बाईस नवम्बर से जारी की जाएगी।

<><><><><><><>